Indian or foreign, are subjected to the provisions of the Cinematograph Act, 1952, and the Cinematograph Censorship Rules and Directions issued thereunder. No excessive censorship restrictions are imposed on foreign films.

(b) and (c). Do not arise.

एल्यूमीनियम के बर्तन बनाने वाली फर्मों के नाम

2978. **श्रीमती चन्द्रावती** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) एल्यूमिनियम के बर्तन किन-किन स्थानों पर बनाए जाते हैं और इन्हें कौन-कौन सी फर्में बनाती हैं ;

(ख) क्या ये फर्में अपने बर्तनों को भारतीय मानक संस्था से मंजूर करवाती हैं ; और

(ग) क्या ये फर्में बर्तन रसोई में इस्तेमाल के उपयुक्त हैं और आग पर रखने से पिघलते नहीं हैं और क्या खाना पकाने में उनका इस्तेमाल हानिकारक है और यदि हां, तो खाना पकाने के लिए उनका इस्तेमाल करने की इजाजत देने के क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नानडिस) : (क) देश भर के भिन्न-भिन्न स्थानों में एल्युमिनियम के बर्तन बनाए जाते हैं। लघु क्षेत्र के एककों की संख्या सहित जिलों की एक मूची (विवरण 'क') सभा पटल पर रखा गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या** एल टी—1294/77] चूंकि देश में (1972 की जनगणना के अनुसार) 800 से अधिक एल्युमिनियम के बर्तन बनाने वाले लघु एकक हैं, इसलिए उनकी सूची जिलों में एककों की संख्या के अनुसार तैयार की गई हैं।

(ख) एल्युमिनियम के बर्तन बनाने वाली लघु क्षेत्र की सभी फर्में भारतीय मानक संस्था से उनके प्रमाणीकरण चिन्हांकन योजना के अधीन अपने उत्पादों को प्रमाणित नहीं कराती हैं। आई०एस०आई० की प्रमाणीकरण योजना के अधीन एककों का एक और सूची (विवरण 'ख') सभा पटल पर रखा गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या** एल टी—1294/77]

(ग) खाद्य अपमिश्रण निवारक नियमावली 45(5) के अधीन आई० एस० आई० विशिष्ट 21—1959 के अनुरूप अल्युमिनियम से बनाये गये डिब्बों की रसोई घर में उपयोग करने के लिए अनुमति दी जाती है।

फिर भी अभी तक एल्युमिनियम के बर्तनों में पकाये गये भोजन पर पड़ने वाले हानिकर प्रभाव का पता लगाने के लिये कोई अध्ययन नहीं किया गया है।

नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन द्वारा रुग्ण मिलों का अधिग्रहण

2979. **श्री सुभाष आहूजा** :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन द्वारा कुल कितनी मिलों का अधिग्रहण किया गया है और उनमें से ऐसी कितनी रुग्ण मिलें हैं जो विगत में बन्द पड़ी हुई थीं ; और

(ख) चालू वर्ष के दौरान इन मिलों में मोटे, फाइन तथा सुपर फाइन कपड़े का उत्पादन के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नानडिस) : (क) 1974 में उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 तथा